हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय
(NAAC-Accredited : A+ with CGPA of 3.42)
आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ
धर्मशाला, ज़िला काँगड़ा, हि.प्र.- 176215

फ़ाइल सं. IQAC/1-3/Notifications & Minutes of Meetings/CUHP/2020/05 दिनांक:02-09-2024

बैठक के कार्यवृत्त

आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की एक बैठक दिनांक 02.09.2024 को अपराह्न 3:15 बजे, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय, कुलपति सचिवालय, धर्मशाला में सम्पन हुई। बैठक आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के चेयरमैन प्रो. सात प्रकाश बंसल, माननीय कुलपति हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय, की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं एन.आई.आर.ऍफ़. के विभिन्न पहलुओं पर पारस्परिक विचार-विमर्श किया गया और विश्वविद्यालय में गुणवत्ता हेतु निम्न निर्णय लिए गए;

1. सर्वप्रथम इस बैठक में यह निर्णय लिया गया कि विधार्थी नामांकनअनुपात में सुधार हेतु जिन विभागों व केंद्रों में सभी या कम सीटें भर रहीं है उन विभागों व केंद्रों चल रहे अकादमिक प्रोग्राम की सीटों को या तो कम किया जाए एवं १० से कम संख्या वाले अकादमिक प्रोग्राम को बंद करने का प्रस्ताव अधिष्ठाता अकादमिक सम्बंधित विभागों व केंद्रों से चर्चा करने के उपरांत उचित माधयम से माननीय कुलपति के पास भेजेंगे।

1. बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय में शोध प्रकाशन को अधिक करने के लिए सभी संकाय सदस्यों को साल में दो रेसेरच पेपर्स और शोधार्थियों को एक रेसेरच पेपर Scopus / WoS में इंडेक्स्ड जर्नल्स में पब्लिश करने हेतु प्रोत्साहित किया जायेगा। इस सन्दर्भ में कुलसचिव कार्यालय एक परिपत्र सभी संकाय सदस्यों और शोधार्थियों को जारी करेगा।
2. विश्वविद्यालय में प्रत्येक विभाग हर साल कम से कम एक FDP / EDP आयोजित करेगा और उसके विस्तृत रिपोर्ट विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करेगा |
3. विश्वविद्यालय में प्रत्येक विभाग को कंसल्टेंसी बढाने हेतु उचित प्रयास करने होंगे और MBA, MCA, और Tourism विभागों को विशेष कर इस पर कुछ प्रयास इसी सत्र इस पर कार्य करना होगा और इस सन्दर्भ में अपने अपने विभाग की तरफ से कुछ सुझाव अधिष्ठाता अकादमिक से चर्चा करने के उपरांत माननीय कुलपति महोदय के पास भेजेंगे।
4. विश्वविद्यालय में पढ़ रहे विधार्थियों के लिए ज्यादा से ज्यादा स्कॉलरशिप या फ़ेलोशिप का लाभ देने हेतु अधिष्ठाता छात्र कल्याण , उचित सुझाब अधिष्ठाता अकादमिक से चर्चा करने के उपरांत माननीय कुलपति के पास भेजेंगे और सभी विभागों को अलग अलग प्रकार की योजनाओ के बारे अवगत करने और छात्रों को इसके लिए आवेदन करने हेतु प्रोतसाहित करने की जिम्मेदारी भी विभागाध्यक्ष / निदेशक को दी जाये। इसके इलावा प्रत्येक विभाग व केंद्र अलग से स्पोंसरशिप हेतु भी कुछ ठोस कदम उठाएँ।
5. सभी विभागों व केंद्रों को छात्रों की प्लेसमेंट पर जोर देना होगा और व्यावसायिक कोर्सेस जैसे कि MBA , MCA , MBA (TT), आदि में 100% प्लेसमेंट सुनिश्चित करने का प्रयास करें।
6. सभी विभागों व केंद्रों को अपना अपना छमाहि न्यूज़लेटर जारी करेंगें लेकिन जे.एम्.सी. विभाग को साप्ताहिक समाचार पत्र छापने का प्रस्ताव पारित किया गया।
7. विश्वविद्यालय में गठित पेटेंट सेल जल्द से जल्द पेटेंट से सन्दर्भ में दिशा-निर्देश तैयार करके करें अधिष्ठाता अकादमिक से चर्चा करने के उपरांत माननीय कुलपति महोदय के पास भेजेंगे।
8. विश्वविधालय एलुमनाई सेल को एक महीने के अंदर अंदर पंजीकरण करने के लिए कुलसचिव कार्यालय एक वकील नियुक्त करेगा और इस कार्य को जितनी जल्दी हो सके पूरा किया जाये।

2/9/2024

9. अधिष्ठाता अकादमिक और अधिष्ठाता छात्र कल्याण, विश्वविद्यालय में अभिभावक शिक्षक कक्ष को छुरु करने हेतु उचित प्रक्रिया छुरु करेंगे ताकि इस सेल को एक्टिव किया जा सके और उनकी बैठकें की जाएँ।
10. बैठक यह भी निर्णय लिया गया कि विश्वविधालय में सभी विभागों व केंद्रों का अकादमिक ऑडिट भी क्या जाये ।
11. विश्वविधालय में कार्य प्रणाली में पारदर्शिता और क्षमता को सुनिश्चित करने हेतु समर्थ पोर्टल के सभी मॉडल्स को जल्दी से जल्दी छुरु किया जाये।
12. छात्रों की फीडबैक, ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट को भी समर्थ पोर्टल से ही करना सुनिश्चित किया जाये।
13. विश्वविधालय में चल रहे सभी शैक्षिणिक कार्यक्रमों में राष्ट्रीय शिक्षा निति के अनुसार अपनाने हेतु विश्वविधालय के अध्यादेशों में उचित संशोधन किया जाये।
14. सभी विभाग व केंद्र शैक्षिणिक सत्र २०२२ - २३ और २०२३ - २४ का IQAC का डाटा त्यार करके जल्दी से जल्दी आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ को भेजना सुनिश्चित करें।
15. विश्वविधालय में विदेशी छात्रों को आकर्षित करने के लिए ठोस कदम उठाये जाएँ जिसके लिए विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ समझौता ज्ञापन किये जाएँ।

बैठक का समापन निदेशक, आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

निदेशक
आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ
2/9/2024